प्रभात खबर

न्यू अलीपुर कॉलेज में संगोष्ठी आयोजित

कोलकाता. साहित्य अकादमी ने न्यू अलीपुर कॉलेज, कोलकाता के सहयोग से रविवार को एक संगोष्ठी का आयोजन किया. 'अंग्रेजी में भारतीय कविता का वर्तमान रुझान''', विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में प्रो संयुक्ता दासगुप्ता, प्रो अनिसुर रहमान, डॉ मिहिर कुमार साहू, (कार्यक्रम अधिकारी, साहित्य अकादमी, कोलकाता) और कवि सुबोध सरकार ने शिरकत की. प्रो दासगुप्ता ने स्वतंत्रता के बाद के भारत के विशेष संदर्भ में अंग्रेजी में भारतीय कविता का उद्भव विषय पर बात की. प्रो दासगुप्ता ने कविता भी सुनायी. प्रो अनिसुर रहमान ने कहा कि कई शायर आज जितना लिख रहे हैं, उससे कहीं ज्यादा दिख रहे हैं. कवियों की संख्या बढ़ रही है और संभावनाओं की भी. तलाशने के लिए बहुत कुछ है और करने के लिए भी. उन्होंने अंग्रेजी अनुवाद में भारतीय कविताओं के महत्व पर भी जोर दिया. डॉ मिहिर कुमार साहू ने साहित्य अकादमी की हालिया परियोजनाओं के बारे में बातचीत की. भारतीय कविता और अनुवाद अध्ययन से संबंधित कार्यों पर कवि सुबोध सरकार ने बात की. न्यू अलीपुर कॉलेज के प्राचार्य डॉ जयदीप सारंगी ने कविता को राष्ट्रीय स्तर पर लोगों के दिलों में लाने और कविता को मंच देने के महत्व पर प्रकाश डाला. अंतिम सत्र की अध्यक्षता द्विभाषी कवि गोपाल लाहिड़ी ने की. मौके पर प्रो शर्मिला रे, प्रो बसुंधरा राय व प्रो निशि पुलगुरथा ने कविताएं सुनायीं. संगोष्ठी में लगभग 130 छात्र, विद्वान और प्रोफेसरों ने भाग लिया.